## सार-समाचार

### दो दिवसीय पाटोत्सव शुरू

**मंडफिया, (निसं)।** जय श्री गातोड़ श्याम मंदिर एवं गौशाला ट्रस्ट घोड़ा खेड़ा (मंडफिया) का दो दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को प्रारंभ हुआ। गातोड़ श्याम मंदिर ट्रस्ट के गादीपति भोपाजी भगवान लाल जी ने बताया कि पाटोत्सव के प्रथम दिन गुरुवार को भगवान गातोड़ श्याम की विशेष पूजा अर्चना के बाद गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना की गई एवं हरा चारा व लापसी खिलाई गई। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुंगाना श्याम के महंत श्री चेतन दास जी महाराज के उत्तराधिकारी अनुज दास जी महाराज सहित कई संतों ने भाग लिया। गादीपति भोपाजी भगवान लाल जी ने बताया की पाटोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह हवन शांति का कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सूरजकुंड के महंत अवधेशानंद जी महाराज, जयसमंद गातोड़ श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी मोहन शर्मा, भदेसर भेरूनाथ मंदिर के पुजारी मांगू नाथ एवं डेरावत धूणी के पुजारी प्रेम नाथ महाराज उपस्थित रहेंगे। शुक्रवार को हवन शांति कार्यक्रम के पश्चात मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी उसके बाद मंदिर से जुलूस निकाला जाएगा। गातोड श्याम मंदिर ट्रस्ट की ओर से महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें हजारों भक्त भाग लेंगे।

### मारपीट का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** मकान सीज करने आए दल के साथ मारपीट करने वाले आरोपी व परिवार जनों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूपेन्द्रसिंह झाला पुत्र मनोहरसिंह निवासी सुभाष नगर भीलवाड़ा हाल एरिया कलेक्शन वास्तु हाउसिंग फाईनेंन्स मंगलम फन स्क्वायर भुपालपुरा ने मनीष सुहालका पुत्र हिम्मतलाल व उसकी पत्नी रानी सुहालका, पुत्र निशान्त सुहालका तथा दक्षराज सुहालका के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ने मकान पर फाईनेंस करवाया था। किश्ते जमा नहीं होने से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इस दौरान न्यायालय ने मकान सीज करने के आदेश दिए थे। इसको लेकर 7 मई को फांईनेन्स कंपनी व पुलिस की टीम मौके पर मकान सीज करने पहुंची। जहां मौजूद आरोपियों ने मारपीट कर धक्का मुक्की कर मकान सीज नहीं करने दिया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** वल्लभनगर थाना पुलिस ने दस वर्ष से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश पर वल्लभनगर थाना थानाधिकारी दिनेशपाटीदार मय टीम ने कार्यवाही करते हुए वल्लभनगर क्षेत्र में अवेध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त में लिप्त आरोपी सिराज मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी बाईपास वल्लभनगर व सलमा बानों पत्नी अब्दुल खान निवासी बाईपास वल्लभनगर को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताद की जा रही है। आरोपी सिराज वल्लभनगर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के 9, मारपीट के 4 सहित 13 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जबकि आरोपी सलमा बनों के खिलाफ एनडहीपीएस एक्ट के 3 प्रकरण पूर्व में दर्ज है।

### महिला के गले से चेन छीनी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश महिला के गले से सोने की चेन छीन ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता प्रियंका कलाल पत्नी विनोद कलाल निवासी के ब्लॉक वैदेही विहार भुवाणा ने सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 6 मई को अपनी मां के साथ सेलीब्रेशन मॉल गई थी। जहां अज्ञात बाइक सवार बदमाश मेरी मां के गले से सोने की चेन छीन फरार हो गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### जिज्ञासा ने जीता कांस्य पदक

**उदयपुर, (कासं)।** ग्राम पंचायत मनवा खेडा की जिज्ञासा पटेल दिल्ली में आयोजित 68वे नेशनल स्कूल यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 64 किलो ग्राम वर्ग में प्रतिद्वंदी हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ, तमिलनाडु को हरा कर कांस्य पदक जीत कर उदयपुर का नाम रोशन किया जिज्ञासा 2023 ओर 2024 में भी सीबीएसई नेशनल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीत चुकी है।जिज्ञासा के पिता जीतेन्द्र पटेल ने बताया कि जिज्ञासा के नेशनल में उत्कर्ष प्रदर्शन के आधार पर बिहार पटना में आगामी 9 मई से आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स बॉक्सिंग में भी 65 किलो वर्ग भार में चयन हुआ है।

### फतहसागर पाल पर निकली ध्वज यात्रा

**उदयपुर, (कासं)।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में प्रन्यास प्रवर निरागरत्न एवं साध्वी कीर्ति रेखा की निश्रा में गुरुवार को शासन स्थापना के अवसर पर फतहसागर की पाल पर 333 फीट लम्बी ध्वज पताका से भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रमण भगवान महावीर के जयकारों से पूरी फतहसागर पाल गूंज उठी। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि गुरुवार 8 मई वैशाख सुदी 11 को शासन स्थापना दिवस पर प्रात: 6.30 बजे देवाली छोर से फतहसागर की पाल, नीलकंठ महादेव मंदिर होते हुए मोती मगरी स्थित जैन मंदिर तक 333 फीट लम्बी ध्वज पताका से भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई।

### सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया, (निसं)।** राजस्थान सरकार के नागरिक विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। राज्य मंत्री खर्रा का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महा प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर भदेश्वर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव आदि ने मंत्री खर्रा का स्वागत किया।

### पुलिस ने 61000 का भरा मायरा

**देवगढ़, (निसं)।** दिवेर थाना पुलिस ने सूट सुरपाव साफा पाजेब सहित 61000 से अधिक का दिवेर पुलिस ने मायरा भरा पुलिस थाना पर खाना बनाने हेतु मेस मैं काफी समय से खाना बना रहे भंवर सिंह चौहान की पुत्री की शादी में दिवेर पुलिस ने एक सराहनी पहल की है। थानाधिकारी भवानी शंकर सुथार ने बताया कि थाने पर मेस का काम करने वाले भंवर सिंह की पुत्री खुशबू चौहान की शादी में पूरे स्टाफ सहित पहुंच कर मायरा भरा।

# स्वच्छ भारत मिशन व विकास कार्यों का किया निरीक्षण



राजसमंद के आमेट व दोवडा में स्वच्छता एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देती जिप एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा।

**राजसमंद, (निसं)।** जिला परिषद अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सुमन अजमेरा ने गुरूवार को पंचायत समिति आमेट एवं ग्राम पंचायत दोवडा का दौरा कर स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण)सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

डॉ अजमेरा ने पंचायत समिति आमेट में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भाग लिया एवं आमजन की समस्याओं को सुना व त्वरित समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश प्रदान किए। इसके बाद पंचायत समिति परिसर

- **खेडिया में जल निकासी की समस्या पर दिए निर्देश**

आमेट में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया, जो उपयोगी व स्वच्छ पाया गया। उन्होंने इसे एक सकारात्मक उदाहरण बताया। परन्तु आधार सेवा केंद्र के पास निर्मित एक अन्य सार्वजनिक शौचालय पानी की अनुपलब्धता और नियमित सफाई के अभाव में गंदा व अनुपयोगी मिला। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई करवा कर इसे पुन: उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद डॉ अजमेरा ने पंचायत समिति की विभिन्न शाखाओं का दौरा कर विभागीय प्रगति की जानकारी ली। शाखा प्रभारियों से योजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इस दौरान जिला समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) नानालाल सालवी, विकास अधिकारी आमेट गुलाबसिंह गुर्जर, खंड समन्वयक कुलजीतसिंह भाटी, सरपंच रतनसिंह चारण, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक देवेंद्र कुमार पांडे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

जिप एसीईओ डॉ अजमेरा ने ग्राम पंचायत दोवडा में निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं अन्य योजनाओं के तहत किए गए कार्यो का निरीक्षण किया। पंचायत भवन के समीप स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा जहां साफ-सफाई संतोषजनक थी। ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए फीडबैक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उन्होंने उसमें नियमित प्रविष्टियों को अनिवार्य करने तथा आमजन की राय को भी प्राथमिकता से दर्ज करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान राजस्व गांव खेडिया में स्थित सामुदायिक सोख पिट का चेंबर बंद होने के कारण आसपास कीचड फैल गई थी, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। डॉ अजमेरा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्यवाही कर उसे दुरुस्त करवाने के निर्देश मौके पर ही संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना व व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति की जांचकी। ग्राम पंचायत दौवडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थी धर्मचंद एवं चेनाराम माली के आवास एवं शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उनके व्यक्तिगत शौचालय अधूरे सिंगल पिट निर्माण के कारण अनुपयोगी हो चुका हैं तथा लाभार्थी द्वारा इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। डॉ अजमेरा ने इस पर संज्ञान लेते हुए रेट्रोफिटिंग करा सिंगल पीट को ट्विनपीट करवाने के ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए ताकि शौचालय का उपयोग सुनिश्चित हो सकें और योजना का उद्देश्य सार्थक हो।

# नर्सिंग सेवा समर्पण सप्ताह में केअर-वेव का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के संघठक तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग, उदयपुर में नर्सेस वीक केअर-वेव का आगाज सेमिनार एवं ब्लड डोनेशन के माध्यम से हुआ।

आयोजन सचिव प्रोफेसर डॉ.संजय नागदा ने बताया कि इंटरनेशनल नर्सेज दिवस के अवसर सेवा समर्पण सप्ताह का उद्घाटन संस्थान वाईस चांसलर डॉ.एम.एम मंगल,पीएमसीएच के प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर डॉ.उम्मेद सिंह परिहार एवं फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के डीन डॉ.के.सी.यादव ने किया। पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरमेन राहुल अग्रवाल, सीईओ शरद कोठारी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल ने नर्सिंग कॉलेज की इस मुहिम को सराहते हुए एवं अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नर्सेज किसी भी मेडिकल टीम की रीड की हड्डी के रूप में कार्य करती है जिनके बिना किसी भी मरीज की देखभाल संभव नही है। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि यह सप्ताह सिर्फ उत्सव नहीं बल्कि एक प्रेरणा है,दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने का,आने वाले कल का। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन डॉ.के.सी.यादव ने बताया कि अभियान के साथ बड़े ही भावुक और जागरूकता से भरे अंदाज़ में की गई। जिसका उद्देश्य नर्सिंग के पेशे की सेवा-भावना को नमन करना और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक करना है। आयोजन सचिव डॉ.संजय नागदा ने बताया कि विशेष सप्ताह की शुरुआत एक एनीमिया एवं ब्लड डोनेशन नामक सेमिनार से हुई। हेल्थ एक्सपर्ट्स पेसिफ़िक मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.आकांक्षा अग्रवाल ने एनीमिया पर अपना पहला सत्र लेते हुए इसके प्रकारों,कारको एवं निदान पर अपना विस्तृत व्यख्यान दिया। सेमिनार के दूसरे सत्र में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर आशीष गोयल ने रक्तदान के फायदे और रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में बताया।


प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द**

सं. 1312 **लोक-सूचना** दिनांक: 8/05/2025

श्री भंवरलाल पालीवाल पिता श्री वल्लभदास पालीवाल निवासी जलचक्की मार्ग कमल तलाई कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसीलका नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | तरसिंगडा | 504<br>506<br>507 | रकबा 0.4850 हैक्टेयर<br>रकबा 0.5180 हैक्टेयर<br>रकबा 1.4245 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 8/5/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द


### सेवा का लिया संकल्प

**राजसमंद, (निसं)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा द्वारा गुरूवार को राजकीय नर्सिंग कॉलेज राजसमंद में जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन कुलदीप शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य अशोक पुरोहित ने की। इस अवसर पर मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष 8 मई को रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेट के जन्मदिवस पर यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिन मानवता की सेवा, पीडितों की सहायता और रेडक्रॉस के सात प्रमुख सिद्धांतों पर कार्य करने का संकल्प लिया जाता है। जिला शाखा द्वारा सर हेनरी ड्यूनेट के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## राइजिंग राजस्थान की समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत दिसम्बर माह में आयोजित राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू की क्रियान्विति संबंधी प्रगति की समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने सर्वप्रथम पीपीटी के माध्यम से राइजिंग राजस्थान के तहत हुए उदयपुर जिले से संबंधी एमओयू की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले के लिए 75 हजार करोड़ के कुल 642 एमओयू हुए हैं। इसमें सर्वाधिक 206 एमओयू पर्यटन से जुड़े हैं। रीको के 95 तथा नगरीय विकास विभाग के 89 एमओयू हैं। शेष अन्य विभागों से जुड़े हुए हैं। शर्मा ने बताया कि अब तक करीब 5 हजार करोड़ के 11 एमओयू धरातल पर क्रियान्विति हो चुके हैं। 44 एमओयू के संबंध में सभी तरह की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हैं तथा जल्द ही कार्य शुरू होंगे। इसके अलावा 84 एमओयू प्रक्रियाधीन है तथा वे भी जल्द धरातल पर क्रियान्विति होंगे। जिला कलक्टर मेहता ने शेष एमओयू के संबंध में भी नियमित मोनिटरिंग करते हुए उन्हें क्रियान्विति कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान राज्य सरकार की टॉप प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी नियमित मोनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करते हुए आगामी 3 दिन में अपने विभाग से संबंधित एमओयू को लेकर संबंधित निवेशक से वार्ता करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जीएम डीआईसी शर्मा को 100 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को संबंधित विभाग के जिला अधिकारी के साथ समन्वय करते हुए नियमित मोनिटरिंग करने तथा 10 से 100 करोड़ तक के एमओयू को संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी की ओर से स्वयं नियमित मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, युडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ढोल,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-/पंचा/निविदा/2025/26/101 दिनांक-5.5.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत ढोल में **DMFT** योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य भगवान महावीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढोल में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु **UBN No-ZUD2526WSOB00127** के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**सरपंच**
ग्राम पंचायत ढोल
पंचायत समिति सायरा,
जिला-उदयपुर (राज.)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत ढोल
पंचायत समिति सायरा,
जिला-उदयपुर (राज.)


# मोहिनी एकादशी पर खाटू श्याम की निशान यात्रा पर बरसाए पुष्प

**उदयपुर, (कासं)।** श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 9वें तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को मोहिनी एकादशी के पावन पर्व पर शहर में बाबा श्याम का नगर भ्रमण और निशान यात्रा एतिहासिक रही। यात्रा में श्याम निशान के झंडों के साथ भक्त तिरंगा लेकर भी चले और देश की सीमा पर दुश्मनों से लोहा ले रहे जवानों को सेल्यूट किया।

खाटू श्याम की भव्य व विशाल निशान यात्रा शाम 6 बजे महोत्सव स्थल फतह स्कूल से रवाना हुई जिसमें सैंकडों की संख्या में श्याम भक्त महिला पुरुष और बच्चे तक शामिल हुए। खाटू नरेश के जयकारों के साथ निशान यात्रा सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, टाउनहॉल मार्ग होते हुए वापस फतह स्कूल पहुंची। बाबा खाटू श्याम रथ पर सवार थे और उनके पीछे श्याम प्रेमी निशान लेकर व जयकारें लगाते हुए चले। पूरे यात्रा मार्ग में खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय और मोर पंख वाले की जय जैसे जयकारें गूंजते रहे। यात्रा में शामिल पुरुष सफेद वस्त्रों में जबकि महिलाएं लाल चुनरी पहनकर शामिल हुई। पहली बार खाटू श्याम का नगर भ्रमण और निशान यात्रा होने से श्याम भक्तों में तो गजब का उत्साह था ही, शहर के लोग भी खाटू श्याम का स्वागत करने और दर्शन करने के लिए पलक पांवडे बिछाए हुए थे। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भक्तों का हुजूम बाबा के दर्शन के खडा था। कई जगहों पर यात्रा पर पुष्प बरसाए गए व खाटू श्याम की आरती की गई। सूरजपोल चौराहे पर अग्रवाल समाज की ओर से आरती की गई व पुष्प वर्षा की गई।यात्रा के समापन पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही खुला भंडारा भी रहा जिसमें सैंकडों श्याम भक्तों ने प्रसाद ठाहण किया। यात्रा में श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के सुनील बंसल, शुभम गर्ग, कैलाश चंद्र गर्ग, सीपी बंसल, श्री रत्न मोहता, राजेश अठावाल, राजेश गोयल राजेंद्र भटनागर, प्रियांशु भटनागर, योगेश कुमावत, जगमोहन भावसार, सुरेश अग्रवाल, बंसी लाल बत्रा व बालमुकुंद पित्ती, पुनीत अग्रवाल, नलिन बंसल, कृष्णकांत अग्रवाल के साथ ही महिला कार्यकर्ता बीनू गोयल, प्रीति गर्ग, मीना गर्ग, प्रतिभा भटनागर, रूपम भटनागर, स्नेह लता बंसल, रजनी भावसार व चित्रयामा अग्रवाल के साथ सैंकडों भक्त उपस्थित थे।आज मेहंदी कार्यक्रमरू महोत्सव के दूसरे दिन 9 मई को मेहंदी की रस्म होगी जिसमें महिलाएं बाबा की नाम की मेहंदी लगाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पलासमा,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-/पंचा/निविदा/2025/26/137 दिनांक-2.5.2025

**-:ई निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत पलासमा में **DMFT** योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलासमा में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु **UBN No-ZUD2526WSOB00128** के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**सरपंच**
ग्राम पंचायत पलासमा
पंचायत समिति सायरा,
जिला-उदयपुर (राज.)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत पलासमा
पंचायत समिति सायरा,
जिला-उदयपुर (राज.)


### विधायक का किया स्वागत

**उदयपुर,(कासं)।** राजस्थान के शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड का उदयपुर आगमन पर दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन ने स्वागत किया गया।

संस्था के प्रवक्ता कुँ. हेमेन्द्र सिंह दवाणा ने बताया कि स्वागत समारोह में दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के संरक्षक पुष्पराज मेहता, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत, सचिव मनोहर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल सुथार,सहसचिव मनप्रीत सिंह खेरा, कोषाध्यक्ष जगदीश पंडा, कैलाशचंद्र अहीर, अजित गुप्ता, भेरू सिंह सारंगदेवोत,किशन गोपाल पालीवाल, अनिल पुरोहित, रमेश गुप्ता, जगदीश वालिया, कैलाश पूर्बिया, प्रकाश खिंची, दिनेश झंवर, धर्मपाल चौधरी, इंद्र सिंह गहलोत, कमल आगाल, उदय लाल डांगी, सतीष भराडिया, एवं अन्य संस्था सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर मंत्री एवं विधायक ने उदयपुर के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# बजट घोषणाओं का हो समय पर क्रियान्वयन : कलक्टर

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में गुरुवार को बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य बजट 2025-26 में की गई 65 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर मेहता ने एक-एक कर सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन, आवश्यक स्वीकृति, सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं को लेकर गंभीरता से कार्य करें। नियमित मॉनीटरिंग और समन्वित प्रयास करें। विभागवार घोषणाओं के लिए आवश्यक भूमि आवंटन पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में यदि कोई समस्या आ रही हो, तो तुरंत संज्ञान में लाएं। बजट का इष्यू हो, तो डीएमएफटी प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन प्राथमिकता है। जिला कलक्टर ने जिले

- **जिला कलक्टर ने की 65 बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की**

से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए किए गए प्रयास व आगामी कार्य योजना की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में अटल प्रगति पथ बनाने की बजट घोषणा के तहत जिले में 247.17 किमी. लम्बाई के 159 अटल प्रगति पथ निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उदयपुर जिले में ऐसे 9 गांव हैं। कोटडा और झाड़ोल में बस स्टैण्ड निर्माण के लिए भूमि आवंटन हो चुका है और बस स्टैण्ड निर्माण के लिए राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर को एजेंसी नियुक्त किया गया है। वहीं, अटल इनोवेशन स्टूडियो और एक्सेलेटर्स की स्थापना के लिए 2500 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन कर दिया गया है और कार्य प्रगति पर है। मेनार में ग्रामीण पर्यटन, हॉस्पिटेलिटी स्किल सेंटर, श्री जगत षिरोमणिजी के मंदिर के जीर्णोद्धार, नाइट टूरिज्म, ट्रेवल मार्ट, ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट, वैदिक गुरुकुल, नए डेयरी प्लांट की स्थापना, हॉप ऑन हॉप ऑफ बस, गोगुन्दा में उप जिला चिकित्सालय सहित सभी बजट घोषणाओं पर भी चर्चा की गई। इससे पहले जिला कलक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव, जल जीवन मिशन, कुसुम, लाडो प्रोत्साहन, स्वच्छ भारत मिषन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंच गौरव, मुख्यमंत्री स्वनिधि, प्रवेषोत्सव अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सहित कुल 25 फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समयबद्ध व लक्ष्य आधारित ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जनसहभागिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए।

### ज्ञापन सौंपा

**राजसमंद, ०(निसं)।** राजसमंद भूमि विकास बैंक बचाओं समिति के पदाधिकारियों नेसमिति के संरक्षक चार्टर्ड अकाउंटेंट दिनेश सनाढ्य के नेतृत्व में गुरूवार को अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजल चौबे को ज्ञापन सौंपा। समिति ने बैंक द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य किसानों के नाम पर फर्जी ऋण उठाने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर गहरा रोष व्यक्त किया।सौंपे गए ज्ञापन में समिति के अध्यक्ष मोतीलाल पालीवाल ने बताया कि भूमि विकास बैंक के पदाधिकारियों ने दलालों से मिलीभगत कर कई किसानों के नाम पर धोखाधडी से ऋण उठा लिया। उन्होंने बताया कि समिति पिछले पांच वर्षो से मुख्यमंत्री, सहकारितामंत्री,सहकारिता समितियों विभाग के रजिस्ट्रार (जयपुर) एवं भूमि विकास बैंक के मुख्य प्रबंधक(जयपुर)के समक्ष पीडा व्यक्त करन्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई है।समिति के संरक्षक दिनेश सनाढ्य ने बताया कि बैंक में हुए फर्जी ऋण वितरण घोटाले और अन्य भ्रष्टाचार को लेकर पीडित गरीब किसानों ने मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई और सहकारिता विभाग के मंत्री गौतम दक को जयपुर जाकर कई बार ज्ञापन सौंपा।


**कार्यालय पंचायत समिति भीण्डर जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: पसभी/लेखा/निविदा/2025-26/54 दिनांक - 07.05.2025

**(ब) हड्डी ठेका नीलामी सूचना वर्ष 2025-2026**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति भीण्डर की 29 ग्राम पंचायतों के मृत पशुओं की हड्डियां उठाने का वित्तीय वर्ष 2025-26 का ठेका दिनोंक 15.05.2025 को अपरान्ह 12 बजे से कार्यालय में गठित कमेटी के समक्ष खुली बोली द्वारा नीलाम किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि 15.05.2025 को उपस्थित होकर 50000/- (पच्चास हजार रूपये मात्र) धरोहर राशि डीडी विकास अधिकारी पंचायत समिति भीण्डर के नाम से 12.00 पी.एम. से पुर्व जमा करा बोली लगाये। अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

**(हरि सिंह सोनिगरा)**
प्रधान
पंचायत समिति भीण्डर

**(विरेन्द्र कुमार व्यास RRDS)**
कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीण्डर